# CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT
# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## प्रेस विज्ञप्ति

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
समस्त राजकीय,अनुदानित,स्ववित्तपोषित एंव अल्पसंख्यक
बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालय / संस्थान,
सम्बद्व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

पत्रांक: बी0एड0 / 05 / 3373
दिनांक 22.05.2019

विषय– बी0एड0(द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2018–20 प्रथम वर्ष में प्रवेशित अनुसूचित जाति एंव जनजाति के छात्र / छात्राओं के परीक्षाफार्म शून्य शुल्क पर भरवाऐ जाने के सम्बंध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय से सम्बद्व कुछ बी0एड0 महाविद्यालयों / संस्थानों के द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त सत्र में प्रवेशित अनुसूचित जाति एंव जनजाति के छात्र / छात्राओं की छात्रवृत्ति एंव शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि पूरे प्रदेश में प्राप्त न होने के कारण ऐसे छात्र / छात्राओं के परीक्षाफार्म शून्य शूल्क पर भरवाऐं जाने का आग्रह किया गया है।

उपरोक्त के सम्बंध में मा0 कुलपति महोदय के द्वारा छात्र हित में उक्त सत्र के ऐसे समस्त अनुसूचित जाति एंव जनजाति के छात्र / छात्राओ के परीक्षा फार्म शून्य शुल्क पर जमा करने हेतु आदेश दिया गया हैं। ऐसे समस्त छात्र / छात्राओं का परीक्षाफल परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय में जमा किये बिना घोषित नही किया जायेगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि बी0एड0(द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2018–20 प्रथम वर्ष में प्रवेशित अनुसूचित जाति एंव जनजाति के छात्र / छात्राओं के परीक्षाफार्म शून्य शुल्क पर अपने महाविद्यालय / संस्थान में जमा कराने के उपरान्त विश्वविद्यालय में प्रेषित करें एंव ऐसे छात्र / छात्राओं को इस सम्बंध में अवगत भी करा दे कि उनका परीक्षाफल परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त ही घोषित किया जायेगा।

22.5.19
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, बी0एड0 पाठयक्रम संचालित समस्त महाविद्यालय / संस्थान सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से अपने महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियो को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. सचिव प्रतिकुलपति को प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
4. संकायाध्यक्ष शिक्षा, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
5. परीक्षा नियन्त्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
6. व्यैक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
7. वित्त अधिकारी / लेखाधिकारी महोदय के सूचनार्थ।
8. उपकुलसचिव (परीक्षा)।
9. प्रभारी (अति–गोपनीय / सामान्य भण्डार)।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे छात्र हित में समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।
11. वि0वि0 द्वारा अधिकृत कम्पनी को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षाफार्म भली भाँति जाँच कर शून्य शुल्क पर भरवाने की व्यवस्थता करें।

22/05/19
उपकुलसचिव
बी0एड0(परीक्षा)